भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2882
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रतिष्ठित स्थलों के विकास हेतु व्यापक मास्टर प्लान

2882. डॉ. रामशंकर कठेरिया:
श्री रवि किशन:
श्री महाबली सिंह:
श्री सुब्रत पाठक:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विशेष बजटीय आवंटन के साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में स्थित प्रतिष्ठित स्थलों के विकास के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में कितने प्रतिष्ठित स्थलों का विकास किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के गंतव्यों सहित 17 प्रतिष्ठित स्थलों के लिए गंतव्य सम्बन्धी मास्टर प्लान तैयार किए है जिसका ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

हालांकि पर्यटन स्थलों का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजनाओं के तहत इन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार राज्यों में उपरोल्लिखित योजनाओं के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-II पर दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अब स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना को परिवर्तित किया है और उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और नैमिषरण्य, मध्य प्रदेश में ग्वालियर और चित्रकूट तथा बिहार में गया और नालंदा को विकास के लिए गंतव्यों के रूप में चिह्नित किया है।

****

अनुबंध-I

प्रतिष्ठित स्थलों के विकास हेतु व्यापक मास्टर प्लान के सम्बन्ध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2882 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार सहित उन गंतव्यों का विवरण जिनके लिए मास्टर प्लान तैयार किए गए थे।

राज्य	गंतव्य
असम	काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
बिहार	बोधगया
दिल्ली	हुमायूं का मकबरा, कुतुब मीनार, लाल किला
गोवा	कोलवा तट
गुजरात	धोलावीरा, सोमनाथ
कर्नाटक	हम्पी
केरल	कुमारकोम
मध्य प्रदेश	खजुराहो
महाराष्ट्र	अजंता, एलोरा
राजस्थान	आमेर का किला
तमिलनाडु	ममल्लापुरम
उत्तर प्रदेश	फतेहपुर सीकरी, ताजमहल

****

अनुबंध-**II**

प्रतिष्ठित स्थलों के विकास हेतु व्यापक मास्टर प्लान के सम्बन्ध में दिनांक 07.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2882 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
स्वदेश दर्शन			
बिहार			
1.	तीर्थंकर परिपथ/ 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96
2.	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	कांवड़िया मार्ग का विकास : सुल्तानगंज - धर्मशाला – देवघर	44.76
3.	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4.	ग्रामीण परिपथ/ 2017-18	भितिहरवा - चंद्राहिया – तुर्कौलिया का विकास	44.27
5.	आध्यात्मिक परिपथ/ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55
मध्य प्रदेश			
6.	वन्यजीव परिपथ/ 2015-16	पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10
7.	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	सांची - सतना – रीवा-मंदसौर - धार का विकास	74.02
8.	विरासत	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका -	89.82

	परिपथ/ 2016-17	मांडु का विकास	
9.	इको परिपथ/ 2017-18	गांधी सागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बारगी बांध - भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76
उत्तर प्रदेश			
10.	बौद्ध परिपथ/ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
11.	रामायण परिपथ/ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
12.	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	अहर - अलीगढ़ - कासगंज – सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर – डुमरियागंज- बस्ती - बाराबंकी – आजमगढ़-कैराना- बागपत-शाहजहाँपुर का विकास।	71.91
13.	आध्यात्मिक परिपथ/ 2016-17	बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिशरिख - भदोही का विकास	67.51
14.	विरासत परिपथ/ 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) – महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	33.92
15.	रामायण परिपथ/ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
16.	आध्यात्मिक परिपथ/ 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03
17.	आध्यात्मिक परिपथ/ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30
प्रशाद			
बिहार			
18.	2015-16	पटना साहिब का विकास	41.54
19.	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का	4.27

		विकास	
मध्य प्रदेश			
20.	2020-21	अमरकंटक का विकास	49.99
21.	2017-18	ओंकारेश्वर का विकास	43.93
उत्तर प्रदेश			
22.	2015-16	वाराणसी का विकास -चरण-।	18.72
23.	2014-15	मेगा पर्यटन परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98
24.	2017-18	गंगा नदी, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02
25.	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36
26.	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण ।।	44.60
27.	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	39.74

******